एक किलोग्राम से भी कम वजन के नवजात बच्चे को मिला जीवनदान

बीकानेर, (कासं)। एसडीएम राजकीय जिला अस्पताल बीकानेर के स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एस.एन.सी.यू.) ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट नवजात शिशु चिकित्सा सेवाओं के लिए मिसाल कायम की है। अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती 990 ग्राम एक्सट्रीम लो बर्थ वेट के नवजात को सफलतापूर्वक जीवनदान दिया गया।

अस्पताल के शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रवीण चतुर्वेदी ने बताया कि 29 मार्च 2025 को जिला अस्पताल मे जन्मे नवजात बेबी ऑफ विमला निवासी लाखूसर को एसएनसीयू में भर्ती किया गया तब उसका वजन मात्र 990 ग्राम था। अस्पताल की एसएनसीयू स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट की टीम ने इस नवजात को गहन देखभाल में रखा बल्कि विशेष रूप से फेफड़ों की स्थिति एवं श्वास प्रक्रिया को सुधारने के लिए बबल सीपैप मशीन का उपयोग किया। साथ ही संक्रमण से बचाव के साथ-साथ फोटोथेरेपी द्वारा पीलिया का भी उपचार किया गया।

गौरतलब है कि इस प्रकार के अल्पवज़नी प्रिटर्म एवं आइयूजीआर (इंट्रा यूटेराइन ग्रोथ रिडक्शन) नवजात शिशुओं के जीवन को बचाना एक अत्यंत जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। जिसमें विशेष देखभाल, तकनीकी विशेषज्ञता और संसाधनों की आवश्यकता होती है। यह इलाज निजी अस्पतालों में अत्यधिक महंगा होता है, लेकिन जिला अस्पताल में यह सेवा निशुल्क उपलब्ध कराई गई।

एसडीएम राजकीय जिला अस्पताल बीकानेर के नव संचालित एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) टीम ने नवजात को गहन देखभाल में रख जान बचाई।

अस्पताल के शिशु एवं नवजात रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष पुष्करणा ने बताया कि लगभग 36 दिन के सतत चिकित्सकीय प्रबंधन, नर्सिंग प्रबंधन, पोषण प्रबंधन, ऑक्सीजन सपोर्ट, बबल सीपैप सपोर्ट, संक्रमण नियंत्रण और शिशु की मां के दूध की निरंतर व्यवस्था, कंगारू मदर केयर के कारण अब इस नवजात का स्वास्थ्य बेहतर हो चुका है। उसका वजन सुरक्षित स्तर 1.6 किलोग्राम तक बढ़ चुका है। अस्पताल अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष ने एसएनसीयू यूनिट की इस चुनौतीपूर्ण एवं उल्लेखनीय उपलब्धि हेतु विभागाध्यक्ष डॉ प्रवीण चतुर्वेदी, डॉ मनीष पुष्करणा, डॉ अमृता भार्गव, यूनिट नर्सिंग इंचार्ज अमित वशिष्ठ, सुशीला, गजेन्द्र, कौशल आदि नर्सिंग स्टाफ की पूरी टीम को बधाई दी।

अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष ने बताया कि यह सफलता ना सिर्फ एसएनसीयू, जिला अस्पताल बीकानेर की चिकित्सा सेवाओं में विश्वास को बढ़ाती है बल्कि यह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। गौरतलब है कि जिला अस्पताल मे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित एसएनसीयू यूनिट मे अब तक चार सौ से अधिक नवजात शिशुओं का सफलतापूर्वक इलाज किया जा चुका है। जिसमें नवजात शिशुओं के पीलिया, सेप्टिसीमिया, एपिलेप्सी अथवा कमेडा और बेहोशी, प्रीमेच्योर और लो एवं वेरी लो बर्थ वेट, श्वास रोग, मिकोनियम एस्पिरेशन इत्यादि समस्याओं से ग्रसित नवजात शामिल है। गौरतलब है कि जिला अस्पताल के नव संचालित एसएनसीयू मे अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ वेंटीलेटर, बबल सी-पेप, रेडियेट वार्मर, फोटोथेरेपी मशीन इत्यादि के साथ- साथ नवजात की माताओं के लिए भी एमएनसीयू (मातृ एंड न्यूबॉर्न केयर यूनिट) मे रहने और खाने की भी निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इस नवजात का संपूर्ण उपचार एवं देखभाल मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना में निशुल्क किया गया।

- **एसएनसीयू स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट की टीम ने नवजात को गहन देखभाल में रखा बल्कि विशेष रूप से फेफड़ों की स्थिति एवं श्वास प्रक्रिया को सुधारने के लिए बबल सीपैप मशीन का उपयोग किया**

मरम्मत कार्यों की समीक्षा बैठक : सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी की अध्यक्षता में शनिवार को प्राचार्य कक्ष मे सिविल, इलेक्ट्रिक व मरम्मत कार्य हेतु एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्राचार्य ने पिछले दिनों जयपुर एसएमएस अस्पताल मे हुए हादसे को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी की समय रहते कॉलेज बिल्डिंग, पीबीएम अस्पताल, हॉस्टल वार्ड इत्यादि में व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहे। बैठक में अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, सहायक अभियंता पीडब्लयूडी व एनएचएम, प्रोजेक्ट डायरेक्टर-आरएसआरडीसी, नोडल अधिकारी-सिविल कार्य तथा सिविल इंजीनियर आदि उपस्थित थे।

नौकरी लगाने का झांसा देकर 27 हजार ठगे

श्रीगंगानगर,(कासं)। सैन्य छावनी में एलडीसी के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक प्लम्बर से 27 हजार रूपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर सदर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

मामले की जांच हैड कांस्टेबल सतवीर सिंह राठौड़ को सौंपी गई है। जांच अधिकारी ने बताया कि गांव 2 वाई निवासी पीड़ित हरविन्द्र सिंह के परिवाद पर मनोहर लाल व एक अन्य अज्ञात पर सेना में एलडीसी की नौकरी दिलवाने के बदले 27 हजार रूपए की ठगी के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़ित ने रिपोर्ट दी कि मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में 12 वीं पास करने के बाद पढ़ाई छूट गई। पीड़ित प्लम्बर का काम करने लग गया। पीड़ित के माता-पिता हार्ट के मरीज हैं।

गांव में पीड़ित के रिश्ते में लगने वाले चाचा दलीप की पत्नी छिन्द्रपाल कौर ने बताया कि मनोहर लाल बेरोजगारों को नौकरी लगाने का काम करता है। पीड़ित ने अपने भाई राजेश कुमार के साथ साधुवाली छावनी में एलडीसी की नौकरी के लिए फार्म भरा है। मनोहर लाल से संपर्क करने पर उसने बताया कि नौकरी के लिए 13 हजार 500 रुपए फार्म फीस है। 15 हजार रूपए अलग से देने पर नौकरी लगने पर मोटरसाइकिल अलग से मिलेगी।

पीड़ित ने आरोपी मनोहर लाल को 13 हजार 500 रूपए ऑनलाइन दे दिए। साथ ही शैक्षणिक दस्तावेज भी आरोपी को सौंप दिए। कुछ दिन बाद आरोपी मनोहर लाल पीड़ित के घर परीक्षा का पेपर लेकर आया और घर पर ही उसकी परीक्षा ली।

सार-समाचार

प्रमोद को रंगा सृजन सेवा सम्मान

डॉ. उमाकांत गुप्त ने साहित्कार प्रमोद शर्मा को कमला रंगा सृजन सेवा सम्मान से सम्मानित किया।

बीकानेर, (कासं)। प्रज्ञालय संस्थान एवं बीकानेर साहित्य संस्कृति कला संगम के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थानी हिन्दी के वरिष्ठ साहित्यकार प्रमोद शर्मा को नत्थूसर गेट बाहर स्थित लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन में कमला रंगा सृजन सेवा सम्मान-2025 से नवाजा गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने की। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं आलोचक डॉ. उमाकांत गुप्त थे। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. उमाकान्त गुप्त ने कहा कि प्रमोद शर्मा ऐसे रचनाकार है जो विसंगति में संगति की खोज करते हुए मानवीय चेतना की सशक्त पैरोकारी करते हैं। डॉ. गुप्त ने आगे कहा कि आपने सभी विधाओं में सृजन के माध्यम से मानवीय पीड़ा को स्वर दिया है। आप मंजिल के नहीं राहों के कवि हैं। सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए कमल रंगा ने कहा कि प्रमोद शर्मा अपनी शब्द यात्रा के माध्यम से संवेनाओं की सूक्ष्म पड़ताल करते हुए अपने सृजन संसार में प्रतिबद्धता के साथ संलग्न है। ऐसी प्रतिभा का सम्मान करना सामाजिक दायित्व है। रंगा ने आगे कहा कि ऐसे बहु प्रतिभाशाली रचनाकार का साहित्य का मूल्यांकन होना जरूरी है। कमला रंगा सृजन सेवा सम्मान-2025 प्रमोद शर्मा को अर्पित करते हुए अतिथियों द्वारा माला, श्रीफल, शॉल एवं अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर राजेश रंगा, पुनीत कुमार रंगा, राहुल आचार्य, आशीष रंगा, अख्तर अली, तोलाराम सारण, कार्तिक मोदी, कन्हैयालाल, रज्जाक सहित सभी की गरिमामय साक्षी रही। सभी का आभार आशीष रंगा ने ज्ञापित किया एवं सम्मान समारोह का सफल संचालन कासिम बीकानेरी ने किया।

चौथे दिन भी नहीं आया पानी

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर में सूरतगढ़ रोड स्थित मोटर मार्केट व अन्य कॉलोनियों में पेयजल संकट का समाधान नहीं हो पा रहा है। लोग जलदाय विभाग के अधिकारियों व एलएंडटी के इंजीनियर्स से कई बार गुहार लगा चुके हैं। लेकिन पानी की सप्लाई नहीं हो रही। इसके चलते होमलैंड सिटी प्रथम कॉलोनी में नियमित पेयजल आपूर्ति करवाने की मांग को लेकर एचएल सोसायटी का एक शिष्टमंडल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता विजय शर्मा से मिला। अध्यक्ष प्रेमचन्द टाक, सचिव विजय कुमार, कुलदीप सोनी, साधुराम साई, हरविन्द्र सिंह व नरेन्द्र कुमार आदि ने जलदाय विभाग के एसई को अवगत करवाया कि होमलैंड सिटी प्रथम में गत दो वर्षों से पेयजल सप्लाई की समस्या बनी हुई है। जबकि इस बारे में कई बार विभाग को अवगत करवाने के बावजूद समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। शिष्टमंडल ने उक्त कॉलोनी में नियमित पेयजल आपूर्ति करने का आग्रह किया। इधर, सूरतगढ़ रोड स्थित मोटर मार्केट एरिया में चौथे दिन भी पानी की सप्लाई नहीं दी गई। यह एरिया एलएंडटी के अंडर है। जहां हनुमान नगर की टंकी से पानी सप्लाई दी जाती है। लेकिन यह टंकी ही चार दिन से खाली बताई जा रही है। टंकी का पानी जा कहां जा रहा है। इसकी जानकारी एलएंडटी वाले जलदाय विभाग के एसई तक को नहीं दे रहे हैं। कई दिन तक पानी की सप्लाई नहीं मिलने से मोटर मार्केट, यूआईटी रोड एरिया के लोगों को पीने के लिए कैम्पर वाला पानी मंगवाना पड़ रहा है।

नाला निर्माण में विवाद, काम रोका

हनुमानगढ़, (कासं)। नगर परिषद की ओर से जंक्शन में चक ज्वालासिंहवाला मार्ग पर करवाए जा रहे नाला निर्माण कार्य के दौरान उस समय विवाद की स्थिति पैदा हो गई जब एक भूखण्डधारी ने खाली पड़े अपने प्लॉट में से एक फीट भी जगह नाला निर्माण के लिए देने से मना कर दिया। सूचना मिलने पर नगर परिषद आयुक्त सुरेन्द्र यादव, निवर्तमान सभापति सुमित रणवां सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। आयुक्त ने भूखण्डधारी से समझाइश के प्रयास किए लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा रहा। विवाद के चलते मौके पर पुलिस जाब्ता भी तैनात रहा। भूखण्डधारी अशोक जैन ने बताया कि उसने 15 साल पूर्व चक ज्वालासिंहवाला रोड पर वर्तमान में बनी तंवर कॉलोनी में पट्टाशुदा प्लॉट खरीदा था। अब नगर परिषद की ओर से उससे दो-तीन बार सम्पर्क कर कहा गया कि बरसाती पानी की निकासी के लिए पांच फीट गहरे नाले का निर्माण करवाया जा रहा है। उसके प्लॉट में से नाला का निर्माण करवाया जाना है, लेकिन उसने अपनी जगह देने से मना कर दिया। उसने नगर परिषद अधिकारियों को चैक करवाया है। उसका प्लॉट नाले तक है। यह बात अधिकारियों ने भी मानी लेकिन शुक्रवार सुबह नगर परिषद के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से जबरन उसके प्लॉट में बनी दीवारों को क्षतिग्रस्त करते हुए नाला खुदाई का कार्य शुरू करवा दिया। पट्टाशुदा करीब नौ फीट जगह में खुदाई कर दी। जबकि नगर परिषद की ओर से ही पूर्व में इस जगह का पट्टा जारी किया गया था। अशोक जैन ने कहा कि परिषद अधिकारियों ने इस नाले का निर्माण पांच फीट गहराई में किए जाने की बात कही।

कुत्तों के हमले में नील गाय घायल

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के लालेवाला गांव में एक नील गाय पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के चार युवकों-सीताराम बिश्नोई, रवि कुमार झटवाल, सुखराम और साहिल ने तत्परता दिखाते हुए नील गाय को कुत्तों से बचाया। घायल नील गाय की स्थिति को देखते हुए युवाओं ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार के बाद नील गाय को रायसिंहनगर स्थित रेस्क्यू सेंटर भेजा जहां उसका इलाज जारी है। गांव के लोगों ने युवाओं की इस पहल की सराहना की है और वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए ऐसे प्रयासों को प्रेरणादायक बताया है।

तौलियासर भैंरूजी बाजार में दुकानों के आगे से अतिक्रमण हटाए

बीकानेर,(कासं)। यहां तौलियासर भैंरूजी बाजार एक बार फिर खुला-खुला दिखने लगा है। बाजार में अपनी ही दुकान के आगे पाटे लगाकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को अंदर की ओर धकेला गया है। वहीं भारी वाहनों की आवाजाही पर भी रोक लगाई गई है। ऐसे में बाजार एक बार फिर खुला-खुला दिखने लगा है।

यातायात पुलिस ने पिछले दिनों सभी दुकानदारों को समझाकर सड़क पर पाटे नहीं लगाने की अपील की थी, जिसका ज्यादा असर नहीं हुआ। इसके बाद यातायात निरीक्षक नरेश निर्वाण की सख्ती ने बाजार को अतिक्रमण से मुक्त किया है। बाजार की करीब सौ दुकानों के आगे छोटे-बड़े अतिक्रमण हो रखे हैं, जिन्हें हटाने के लिए नगर निगम, नगर विकास न्यास और सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।

- **किसी भी चार पहिया वाहन को दिन के समय एंट्री नहीं दी जा रही है**

यातायात पुलिस ने सख्ती के साथ इन पाटों को हटाने का काम किया है। इस मार्केट के दो रास्ते हैं और दोनों ही तरफ यातायात पुलिसकर्मी खड़े हो गए हैं। किसी भी तिपहिया वाहन या चार पहिया वाहन को दिन के समय एंट्री नहीं दी जा रही है। दुपहिया वाहनों को खड़ा करने के लिए भी उपयुक्त स्थान दिया गया है।

यातायात निरीक्षक नरेश निर्वाण ने बताया कि तौलियासर भैंरूजी गली में यातायात सही रहेगा। दुकानों के आगे अतिक्रमण नहीं होगा तो फायदा खुद दुकानदार को ही मिलेगा। अभी चार-पांच फीट ही जगह मिल रही थी, जिसे बढ़ाकर अब दस से पंद्रह फीट कर दिया गया है। तौलियासर भैंरूजी गली के साथ ही केईएम रोड और कोटगेट क्षेत्र में भी सख्ती की गई है। यहां भी किसी वाहन को बेतरतीब खड़े होने की इजाजत नहीं है।

तत्कालीन संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन की ओर से की गई सख्ती फिर से लागू की गई है। केईएम रोड से सीधे कोटगेट की तरफ नहीं जाने दिया जा रहा, बल्कि सांखला फाटक से मूलसा-फूलसा दुकान के आगे से होकर कोटगेट का रास्ता दिया जा रहा है। एक तरफ जहां तौलियासर भैंरूजी गली के कुछ दुकानदार यातायात पुलिस की सख्ती से नाराज हैं। वहीं कुछ व्यवस्थाओं में सुधार को बेहतर बता रहे हैं। कांग्रेस नेता विक्की चड्ढा का कहना है कि तौलियासर भैंरूजी गली में अब महिला और युवतियों को आने-जाने में दिक्कत नहीं होगी।

नर्सरी में लगी आग से पेड़ जले

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के पदमपुर क्षेत्र के जीवनदेसर गांव में गंगनहर किनारे नर्सरी में भीषण आग लग गई। आग के कारण एक दर्जन से ज्यादा पेड़ जलकर राख हो गए।

घटना घमुड़वाली थाना क्षेत्र में हुई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पृथ्वीराज बिश्नोई पुलिस टीम के साथ पहुंचे। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पास के खेतों में गेहूं की फसल के अवशेष जलाए जा रहे थे। तेज हवा के कारण चिंगारियां उड़कर गंगनहर किनारे स्थित नर्सरी तक पहुंची। वहां मौजूद पेड़ों ने आग पकड़ ली। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पानी के टैंकर मंगवाए गए। दमकल विभाग और प्रशासन की टीम ने आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि फसल अवशेष जलाते समय सावधानी बरतें।

अध्यापक को ब्लैकमेल कर 15 लाख मांगे

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में पुरानी आबादी थाना इलाके में एक सरकारी अध्यापक को ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने ब्लैकमेल करने वाले आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है।

पुरानी आबादी थाना इलाका निवासी एक अध्यापक ने पुरानी आबादी थाने में एक महिला व उसके पति के खिलाफ ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज करवाया था। थाना प्रभारी ज्योति नायक ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आज इमरती उर्फ भावना पत्नी जालूराम उम्र 35 साल निवासी वार्ड नं 10 पुरानी आबादी व जालूराम पुत्र बिजनाराम उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पति-पत्नी पुरानी आबादी कुंज विहार में किराये के मकान पर रहते हैं। वहीं आरोपी जालूराम बॉर्डर होमगार्ड में भी तैनात था, लेकिन पिछले कुछ सालों से वह रंग रोगन का कार्य करता है। पत्नी इमरती घरेलू कार्य करती है। जानकारी के मुताबिक आरोपी पति-पत्नी ने अध्यापक को अपने घर बुलाकर उसके फोटो-वीडियो बना लिए और फिर झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी देकर 15 लाख रूपये की मांग करने लगे। अध्यापक ने आरोपियों के दबाब में आकर 20000 रूपए आरोपियों को फोन पे भी कर दिए लेकिन आरोपियों ने 15 लाख रूपए की मांग कर डाली।

- **आरोपी पति-पत्नी ने अध्यापक को घर बुलाकर उसके फोटो-वीडियो बना झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी देकर 15 लाख रूपये मांगे**

बीकानेर संभाग में आंधी और बारिश का अलर्ट

बीकानेर, (कासं)। दो दिन पहले तक 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान ने झुलसा देने वाली गर्मी कर दी थी लेकिन दो ही दिन में पारा चार डिग्री सेल्सियस गिरकर 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

दिन के साथ ही रात का तापमान भी गिरा है, जिससे सुबह व रात दोनों वक्त गर्मी से राहत मिली है। आने वाले कुछ दिनों में भी हीटवेव की आशंका नहीं है। हालांकि बीकानेर संभाग के चारों जिलों में कहीं-कहीं तूफान, अंधड़ और हल्की बारिश का मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

बीते चौबीस घंटे में बीकानेर में अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस रहा है, जबकि न्यूनतम तापमान तीस डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। शनिवार को भी पारा चालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहा। मौसम विभाग ने बीकानेर में बारिश के लिए किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया है। कुछ जिलों में हल्की बारिश की उम्मीद जताई गई है। इससे पहले सुबह जारी अलर्ट में संभाग के श्रीगंगानगर में हल्की वर्षा का अलर्ट रहा। सरकारी दफ्तरों में भी दोपहर के वक्त आवाजाही कम हो गई है। तेज गर्मी के कारण मुख्य मार्गों पर वाहनों की आवाजाही भी कम है।

- **दो दिन में चार डिग्री तक गिरा पारा,गर्मी से लोगों को मिली राहत**

परमजीत कौर ने पदभार संभाला

श्रीगंगानगर, (कासं)। एडवोकेट परमजीत कौर जाखड़ ने उपभोक्ता कोर्ट में पूर्णकालिक सदस्य का पदभार 30 अप्रैल को ग्रहण किया।

राज्य उपभोक्ता मामले विभाग ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में परमजीत कौर को सदस्य पद पर नियुक्ति दी है। उनको राज्य आयोग राजस्थान में अध्यक्ष व हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधिपति देवेन्द्र कच्छावा की ओर से जयपुर में शपथ दिलाई गई। श्रीगंगानगर आयोग अध्यक्ष साहबराम भोटयार द्वारा परमजीत कौर को पदभार ग्रहण कराया। श्रीगंगानगर उपभोक्ता आयोग में माह दिसम्बर से पद रिक्त था। अब कोरम पूर्ण होने पर उपभोक्ता कोर्ट के प्रकरणों के निर्णय हो सकेंगे। परमजीत अधिवक्ता होने के साथ जिला स्थायी लोक अदालत में सदस्य पद पर भी रह चुकी हैं।

सोलर कंपनी का विरोध कर रहे भादू को हिरासत में लिया

बीकानेर, (कासं)। जिले के जसरासर थाना क्षेत्र में एक सोलर कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेता ब्लॉक अध्यक्ष श्रीराम भादू को पुलिस जबरन उठाकर ले गई और शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

इसके बाद से कांग्रेस नेता विरोध कर रहे हैं। देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने इसे तानाशाही बताया है। दरअसल नोखा के जसरासर थाना क्षेत्र के बाधनू गांव में एक सोलर कंपनी को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहा था। कंपनी सोलर प्लांट के लिए काम कर रही थी। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में विरोध था। कांग्रेस नेता श्रीराम भादू अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठे थे। इस दौरान जसरासर थाना प्रभारी संदीप पूनिया ने मौके पर पहुंचकर इन लोगों को हटने के लिए कहा। श्रीराम भादू व अन्य समर्थक मौके से नहीं हटे तो उन्हें जबरन हटाने का प्रयास किया गया।

- **कांग्रेस नेता श्रीराम भादू समर्थकों के साथ धरने पर बैठे थे**
- **थानाधिकारी ने हिरासत में लिया**

इस दौरान पुलिस और कांग्रेस नेताओं में धक्का-मुक्की भी हुई। पूनिया ने जबरन भादू को पुलिस गाड़ी में डाला और थाने ले गए।

इस कंपनी को अपने काम के तहत 35 पोल लगाने थे, जिसमें सिर्फ एक पोल लगाने का काम शेष रहा था। ये काम सही हो रहा है या नहीं इसकी जांच पुलिस कर रही है। इस बीच लोगों ने काम को गलत बताते हुए रोकने का प्रयास किया।

कंपनी की तरफ से अब तक कोई अधिकृत टिप्पणी नहीं आई है। वहीं थानेदार संदीप पूनिया ने बताया कि श्रीराम भादू को शांति भंग करने के मामले में फिलहाल हिरासत में लिया गया है। उधर देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने पुलिस की कार्रवाई को तानाशाही करार दिया है।

नीट-यूजी परीक्षा आज, कलेक्टर-एस.पी. ने लिया तैयारियों का जायजा

बीकानेर,(कासं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा रविवार को दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक जिला मुख्यालय के 19 परीक्षा केन्द्रों पर नीट यूजी 2025 परीक्षा आयोजित करवाई जायेगी।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि तथा पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर ने शनिवार को राजकीय डूंगर कॉलेज और राजकीय शहीद मेजर जेम्स थॉमस सीनियर सैकण्डरी स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर तैयारियों का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने कहा कि नीट की परीक्षा पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शी तरीके से करवाई जाए।

इसमें नियुक्त कार्मिक इस प्रति पूर्ण गंभीरता रखें। जिला कलेक्टर ने बताया कि शहर के 19 केन्द्रों पर 6 हजार 379 छात्र/छात्राएं परीक्षा में भागीदारी निभाएंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए प्रत्येक केन्द्र स्तर पर केन्द्र अधीक्षक, पर्यवेक्षक, वीक्षक, प्रशासनिक अधिकारी तथा कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। एनटीए द्वारा सभी केन्द्रों पर जेमर तथा परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरा लगाये जायेंगे। प्रत्येक परीक्षा कक्ष की पूर्ण रूप से वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कार्मिकों को प्रतिनियुक्त किया गया है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर नगर रमेश देव, राजकीय डूंगर कॉलेज प्राचार्य डॉ राजेन्द्र पुरोहित, केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य महिपाल सिंह साथ रहे।

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि और पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर ने डूंगर कॉलेज में नीट-यूजी परीक्षा केन्द्र पर तैयारियों का जायजा लिया।

- **एनटीए द्वारा सभी केन्द्रों पर जेमर तथा परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरा लगाये जायेंगे**
- **प्रत्येक परीक्षा कक्ष की पूर्ण रूप से वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है**

हिमाचल जाने वाली बस में पर्स चोरी

श्रीगंगानगर, (कासं)। केन्द्रीय बस अड्डे से सरकारी अध्यापिका का पर्स चोरी हो गया। इस पर्स में 71 ग्राम सोने के गहने, एक वन प्लस का फोन और तीन से चार हजार नकदी सहित अन्य सामान था।

वारदात 27 अप्रैल की शाम को हुई। पीडित दंपती के परिवाद पर एक मई को कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। एएसआई जगमोहन मीणा को जांच सौंपी गई है। परिवादी पुरानी आबादी वार्ड पांच निवासी सुरेंद्र अरोड़ा ने बताया कि वह अपनी पत्नी सरकारी अध्यापिका नीलम देवी के साथ हिमाचल प्रदेश पालमपुर में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

यह घटना 27 अप्रैल की शाम की है। पीडित अपनी पत्नी के साथ करीब सात बजे बस स्टैंड पहुंचा। तब हरियाणा परिवहन निगम की बस एचपी 68 ए 4063 स्टैंड पर खड़ी थी। यह बस रोजाना शाम को 7:40 बजे रवाना होती है। मैं और मेरी पत्नी बस में बैठ गए। कुछ समय बाद पत्नी वॉशरूम के लिए चली गई। वह जाते हुए पीडित को अपना पर्स देकर गई थी। पीडित ने यह पर्स बराबर की सीट पर रख दिया। पत्नी वापस लौटकर आई तो पर्स गायब था।

- **पर्स में 71 ग्राम सोने के गहने, फोन व 4 हजार की नकदी थी**

बेदखल आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिलान श्री हरीश चन्द्र पुत्र श्री चेतराम व सुनीता देवी पत्नि हरीश चन्द्र जाति सोनी, निवासीगण हाल चौधरी कॉलोनी, रघुनाथजी की पापड़ फैक्ट्री के पास, बीकानेर का पुत्र मनीष कुमार सोनी व उनकी पत्नि सरोज सोनी मेरे मुव्वकिलान से पिछले4 वर्ष से अलग रहते हैं, और मेरे मुव्वकिलान के कहने में नहीं हैं, एवम् उनके पारिवारिक निर्देशानुसार कार्य नहीं करते हैं, मेरे मुव्वकिलान के पुत्र व पुत्रवधु अपनी मर्जी के अनुसार सामाजिक कार्यकलाप करते आ रहे हैं, इसलिये मेरे मुव्वकिलान ने अपने पुत्र मनीष कुमार सोनी व पुत्रवधु सरोज सोनी को अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों व आर्थिक कार्यकलापों एवम् तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, आज के पश्चात मेरे मुव्वकिलान के पुत्र मनीष कुमार सोनी व पुत्रवधु सरोज सोनी से कोई भी किसी तरह का व्यवहार, संव्यवहार अथवा कोई लेन-देन करेगा तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी, मेरे मुव्वकिलान की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। यह सूचना मेरे मुव्वकिलान की हस्ब हिदायत से मेरे द्वारा जारी की गई है।

राकेश डेलू एडवोकेट
बीकानेर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियोजन / 2025 **विज्ञप्ति** दिनांक : 29-04-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मॉडल टाउन प्रथम के भूखण्ड सं. जी-11 भूखण्ड माप 39'-0" गुणा 69'-0" फिट का नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय पट्टा सं. 2191 दिनांक 05.07.2010 द्वारा श्री सतीश शर्मा पुत्र श्री बालकिशन शर्मा के नाम से जारी है। श्री सतीश शर्मा पुत्र श्री बालकिशन शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ रूपान्तरण करने हेतु निवेदन किया गया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित प्रयोजनार्थ आरक्षित है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10. 2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। RajKaj Ref No.: 14992875 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर